प्रेस नोट

थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर **दिनांक 05.04.2024**

थाना सिसोलर पुलिस व एस.ओ.जी. टीम के संयुक्त प्रयास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने वाला अभियुक्त अवैध शस्त्र व अवैध शस्त्र निर्माण करने वालें उपकरणों सहित गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 के दृष्टिगत अपराध नियन्त्रण एवं अवैध असलहों के निर्माण, बिक्री व संचालन के विरुद्ध चलायें जा रहें अभियान के क्रम में थाना सिसोलर पुलिस एवं एस.ओ.जी. टीम थाना सिसोलर क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण में मामूर थी कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भुलसी हार में खेत में एक संदिग्ध व्यक्ति तीन-चार दिनो से पेड़ो के नीचे आग जलाकर रात में लोहे का काम करता है व लोहे के पीटने/काटने की आवाजें आती है, किन्तु दिन में वहाँ कोई व्यक्ति नही रहता तथा मौके पर जले हुए राख अवशेष मिलते है। मुखबिर खास की सूचना के आधार पर दिनांक 04/05.04.2024 को थाना सिसोलर पुलिस एवं एस.ओ.जी. की संयुक्त टीम के द्वारा दबिश देकर ग्राम भुलसी हार में खेत में पेडो के नीचे थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर से अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रहे अभियुक्त नंदराम पुत्र राजाराम (उम्र करीब 55 वर्ष) निवासी ग्राम बिलवई थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा उ0प्र0 को भारी मात्रा में अवैध निर्मित व अर्द्धनिर्मित शस्त्र तथा शस्त्र बनाने वाले उपकरणों सहित मौके से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना सिसोलर में मु0अ0सं0 58/2024 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

पूछताछ विवरणः- अभियुक्त नंदराम उपरोक्त से पूछताछ के दौरान उसके द्वारा बताया गया कि वह दिन में आस पास के गाँवो में रहकर आराम करता है तथा रात में सिसोलर के ग्राम भुलसीहार के खेत में पेड़ के नीचे एकान्त होने के कारण तमंचा बनाकर शस्त्र फैक्ट्री चलाता है और इस फैक्ट्री मे निर्मित तमंचे को मध्य प्रदेश व आप पास के जनपदो में अच्छे दाम पर बेच देता है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

नंदराम पुत्र राजाराम (उम्र करीब 55 वर्ष) निवासी ग्राम बिलवई थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।

बरामदगी का विवरणः-

13 अदद तमंचा .315 बोर	13 अदद अर्द्धनिर्मित असलहा
04 अदद तमंचा 12 बोर	01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
02 अदद देशी बंदूक 12 बोर	01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर
01 अदद तमंचा 32 बोर	01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर
01 अदद पिस्टल	01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
नोटः- भारी मात्रा में अवैध शस्त्र निर्माण करने वाले उपकरण।	

अभियुक्त नंदराम का आपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0 54/2017 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

2.मु0अ0सं0 140/2022 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना अजनर जनपद महोबा

3.मु0अ0सं0 182/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना अजनर जनपद महोबा

4.मु0अ0सं0 509/2023 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

5.मु0अ0सं0 511/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

6.मु0अ0सं0 58/2024 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1.थानाध्यक्ष उ0नि0 मयंक चन्देल, थाना सिसोलर

2.उ0नि0 सचिन शर्मा (प्रभारी एस.ओ.जी.)

3.उ0नि0 जय कुमार सिंह (थाना सिसोलर)

4.हे0का0 पंकज सिंह (थाना सिसोलर)

5.का0 ललित कुमार (थाना सिसोलर)

6.का0 मदन मोहन यादव (थाना सिसोलर)

7.का0 उमाशंकर शुक्ला (एस.ओ.जी.)

8.का0 अतुल यादव (एस.ओ.जी.)

9.का0 सुरेन्द्र मिश्रा (एस.ओ.जी.)

10.का0 शक्ति सिंह (एस.ओ.जी.)